## 3 (Sem–1/CBCS) HIN–HC 2

## 2023

# HINDI

## ( Honours Core )

Paper : HIN–HC–1026

**[ हिन्दी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल) ]**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) भारतेन्दु-मंडल के किसी एक कवि का नाम लिखिए।

(ख) ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की थी?

(ग) 'प्रेमघन' किसका साहित्यिक उपनाम है?

(घ) "छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है।" यह किसकी उक्ति है?

(ङ) 'प्रकृति के सुकुमार कवि' किसे कहा जाता है?

(च) 'जूही की कली' कविता के कवि का नाम लिखिए।

(छ) नागार्जुन का जन्म कब हुआ था?

(ज) 'संसद से सड़क तक' किसकी रचना है?

(झ) 'तार सप्तक' के किसी एक कवि का नामोल्लेख कीजिए।

(ञ) उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में खड़ीबोली गद्य को विकसित करने वाले किसी एक गद्यकार का नाम लिखिए।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) 'आधुनिकता' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ख) छायावाद के किन्हीं दो कवियों एवं उनकी एक-एक कृतियों के नाम लिखिए।

(ग) प्रगतिवाद की समयसीमा कब से कब तक मानी जाती है?

(घ) शमशेर बहादुर सिंह द्वारा रचित किन्हीं दो काव्य-कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

(ङ) खड़ीबोली गद्य के विकास में योगदान देने वाली किन्हीं दो पत्रिकाओं का नामोल्लेख कीजिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) भारतेन्दु-युग की प्रमुख प्रवृत्ति 'देशभक्ति' पर उदाहरण-सहित विचार कीजिए।

(ख) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ग) छायावाद की किन्हीं तीन प्रवृत्तियों का सोदाहरण उल्लेख कीजिए।

(घ) प्रयोगवादी कविता का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।



*( Continued )*



(ङ) "नयी कविता में लघु मानव की प्रतिष्ठा की गयी है।" स्पष्ट कीजिए।

(च) बालकृष्ण भट्ट का साहित्यिक परिचय दीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) आधुनिक काल की राजनीतिक और साहित्यिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

द्विवेदीयुगीन काव्य-धारा को मैथिलीशरण गुप्त की देन पर विचार कीजिए।

(ख) छायावादी कवि के रूप में सुमित्रानंदन पंत का परिचय दीजिए।

**अथवा**

प्रगतिवादी कविता की सामान्य प्रवृत्तियाँ लिखिए।

(ग) अज्ञेय की काव्यगत विशेषताओं पर आलोकपात कीजिए।

**अथवा**

समकालीन कविता की विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(घ) स्वतंत्रता-पूर्व के खड़ीबोली गद्य के विकास पर सम्यक् लेखा-जोखा प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

'खड़ीबोली गद्य के विकास में महावीर प्रसाद द्विवेदी की देन' पर एक लेख लिखिए।

★★★